909

FAX

# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद–।

संख्या:पॉच–470(वरिष्ठता)–2014 दिनांक:दिसम्बर 27,2014

सेवा में,

1–समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग उत्तर प्रदेश (पीएसी को छोड़कर)

2–समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।

3–समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।

3–समस्त कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग उत्तर प्रदेश (पीएसी को छोड़कर)

4 सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ।

**विषय:** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की संयुक्त अन्तिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन एवं पदोन्नति की कार्यवाही के सम्बन्ध में।

---

कृपया उपर्युक्त विषयक पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 13–12–2014 का अवलोकन करें, जिसके द्वारा उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना के संयुक्त अन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित करते हुए प्रशिक्षण बैच 1995–96 तक के उपनिरीक्षकों के बारे में बोर्ड प्रपत्र–1 एवं इनके विरुद्ध प्रचलित कार्यवाही स्वघोषणा पत्र आदि अद्यावधिक चरित्र पंजी सहित निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था:

| क्र0सं0 | जोन / इकाई का नाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | गोरखपुर जोन एवं वाराणसी जोन के सभी जनपद | 23.12.2014 |
| 2 | लखनऊ जोन एवं बरेली जोन के सभी जनपद | 24.12.2014 |
| 3 | मेरठ जोन एवं आगरा जोन के सभी जनपद | 25.12.2014 |
| 4 | कानपुर जोन एवं इलाहाबाद जोन के सभी जनपद | 26.12.2014 |
| 5 | अभिसूचना विभाग / सुरक्षा शाखा एवं जीआरपी के सभी अनुभाग | 27.12.2014 |
| 6 | उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य सभी शेष इकाईयाँ | 29.12.2014 |

2 अवगत कराना है कि उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस से निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति हेतु विभागीय चयन समिति का गठन उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा किया जा चुका है तथा दिनांक 05–01–2015 से विभागीय चयन समिति की बैठक प्रारम्भ किया जाना सम्भावित है। उपरोक्त स्थिति में पात्रता क्षेत्र में आने वाले उपनिरीक्षकों से सम्बन्धित आपके कार्यालय से माँगी सूचना समिति के समक्ष विचारण के समय प्रस्तुत किया जाना है अपरिहार्य होगा। इससे पूर्व आपके कार्यालय से प्राप्त सूचनाओं का परीक्षण/मूल्यांकन कर सम्बन्धित उपनिरीक्षक के नाम के सम्मुख अंकित किया जाना भी अनिवार्य होगा।

3– आपके जोन के निम्नलिखित जनपदों से अभी तक माँगी गयी सूचना/अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके कारण सूचनाओं का मूल्यांकन/परीक्षण करके सूची विभागीय चयन समिति के समक्ष निर्धारित तिथि को प्रस्तुत किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।

| क्र0स0 | जोन | परिक्षेत्र | जनपद का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | गोरखपुर | देवीपाटन | गोण्डा |
| 2 | लखनऊ | लखनऊ | लखनऊ |
| 3 | बरेली | बरेली | बदायूँ, शाहजहाँपुर |
| 4 | मेरठ | मेरठ | [illegible] |
| 5 | आगरा | आगरा | फिरोजाबाद |
| 6 | इलाहाबाद | इलाहाबाद | इलाहाबाद, कौशाम्बी |

4– अतः अनुरोध है कि अपने जोन/परिक्षेत्र/जनपद एवं इकाई के प्रशिक्षण बैच 1995–96 तक के शेष बचे उपनिरीक्षकों के बारे में माँगी गयी सूचना/अभिलेख [illegible] दशा में दिनांक 29–12–2014 तक विशेष वाहक के माध्यम से पुलिस मुख्यालय भेजवाने की कृपा करें। कृपया मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

समस्त–जोन/विभागाध्यक्ष
कृपया अपने अधीनस्थ परिक्षेत्रों/जनपदों/इकाइयों को तत्काल प्रेषित करने का कष्ट करें।
P.H.Q

(कवीन्द्र प्रताप सिंह)
पुलिस अधीक्षक, कार्मिक,
उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय,
इलाहाबाद।

संख्या तथा दिनांक वही।

**प्रतिलिपि:** अपर पुलिस महानिदेशक, कार्मिक उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त को अपने स्तर से भी निर्देशित करने की कृपा करें।

**प्रतिलिपि:** पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त को अपने स्तर से भी निर्देशित करने की कृपा करें।

**प्रतिलिपिः** सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को सूचनार्थ प्रेषित।
संख्या तथा दिनांक पहि।

**प्रतिलिपि:**निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—
1—पुलिस उपमहानिरीक्षक, एन0आई0ए0, 1/131 विजयखण्ड गोमतीनगर लखनऊ।
2—निदेशक, अन्य पिछड़ा वर्ग निदेशालय इन्दिरा भवन लखनऊ।
3—आयुक्त व्यापार कर विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
4—पुलिस अधीक्षक, पावर कारपोरेशन उ0प्र0 लखनऊ।
5—पुलिस अधीक्षक, सीबीआई लखनऊ।
6—पुलिस अधीक्षक, वाणिज्य कर विभाग लखनऊ।
7—संयुक्त सचिव, इलाहाबाद विकास प्राधिकरण इलाहाबाद।
8—सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गाजियाबाद।
9—मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर।
10—संयुक्त सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ।
11—मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण सेक्टर 6 गौतमबुद्धनगर।